**Hind Atma**

Date: 24/11/2021

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में धूम-धाम से मना बाल दिवस सप्ताह

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन में आईटीएस डेंटल कॉलेज गाजियाबाद के पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा दिनांक 11 नवंबर से 20 नवंबर तक बाल दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर हर साल 14 नवंबर को पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। नेहरू का बच्चों से बड़ा स्नेह था और वह बच्चों को देश का भावी निमार्ता मानते थे। बच्चों के प्रति उनके इस स्नेह भाव के कारण बच्चे भी उनसे बेहद लगाव और प्रेम रखते थे और उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। यही कारण है कि नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को अपने दांत किस प्रकार स्वस्थ रख सकते है आदि आदि के बारे में बताया गया तथा सभी बच्चों को प्रतिदिन दांतो को साफ रखने के बारे में भी बताया गया। इस दिवस पर आईटीएस डेंटल कॉलेज में गाजियाबाद के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को गतिविधियों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी विभिन्न विद्यालयों से आये छात्रों का मुफ्त में ओरल परीक्षण भी किया गया तथा उसके उपचार के उपायों से भी अवगत कराया गया। बाल दिवस के अवसर पर आईटीएस डेन्टल कॉलिज में ग्राफिटी प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, लेखन प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और फ्लैष मॉब जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गयी। इस आयोजन में 25 से अधिक स्कूलों के 1500 से अधिक बच्चों और 50 से अधिक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। इसके साथ ही संस्थान के बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थीयों ने भी बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कार से भी सम्मानित किया तथा अन्य सभी छात्रों को ड्राइंग कलरिंग किट, टूथब्रश एवं टूथपेस्ट भी वितरित किये गये।विभिन्न गैर सरकारी संगठनों,नेत्रहीन स्कूलों और दिव्यांग बच्चों के लिये शिविर आयोजित किये गये। इसमें 25 स्कूलों के 1500 से अधिक बच्चों और 50 शिक्षकों की मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गयी और उन्हें दांतों की बीमारी के बारे में जागरूक किया गया।

गाजियबाद जिले और उसके आसपास के स्कूलों में कार्यक्रम के प्रति उत्साह को देखते हुए कॉलेज मैनेजमेंट ने बाल सप्ताह के दौरान लागू होने वाले इलाज के प्रस्तावों को प्रत्येक बुधवार के लिये 31 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कक्षा में सर्वश्रेष्ठ और दर्द रहित दंत अनुभव प्रदान करने के लिए पहल की है तथा बच्चों को विभिन्न नवीनतम सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम हुआ है। इसमें लेजर ट्रीटमेंट, नाइट्रस-ऑक्साइड (लाफिंग गैस) डे केयर सिडीशन, कम्प्यूटरीकृत एनेस्थीसिया, आदि है। बच्चों और किशोरों के लिए दंत चिकित्सा आज के समय में पूर्ण रूप से दर्द रहित है। संस्थान के पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग में बच्चों के दंत चिकित्सा के इलाज को ध्यान में रखते हुए विभाग में प्रत्येक डेंटल चेयर एलईडी टीवी से युक्त है, जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए कार्टून की सुविधा भी उपलब्ध है। विभाग में बच्चों के लिए दांत में मसाला भरना, दूध के दांतों की सफाई तथा कैप लगाना, जैसी अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। बच्चों को ब्रेसिज उपचार की आवष्यकता भी होती है, जोकि दंत चिकित्सक की राय के आधार पर बच्चों के लिए दोनो विकल्प विसीबल और इनविसीबल ब्रेसिज विभाग में शामिल है।

**Drashti Sagar**

Date: 25/11/2021

**जयंती** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में बाल दिवस सप्ताह की धूम

■ **कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आये छात्रों का मुफ्त में ओरल परीक्षण भी किया गया**

■ दृष्टि सागर संवाददाता

**गाजियाबाद।** आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डा. आर.पी चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन से आईटीएस डेंटल कॉलेज, गाजियाबाद के पीडियाट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा बाल दिवस सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर हर साल 14 नवंबर को पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। नेहरू को बच्चों से बड़ा स्नेह था, इसलिए बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे।



बाल दिवस सप्ताह बच्चों के नाम रहा। कार्यक्रम में दंत विज्ञानियों ने बच्चों को दांत स्वस्थ रखने के उपाय बहुत सरल भाषा में समझाए। दंत चिकित्सा के विशेषज्ञों ने प्रतिदिन दांतों को साफ रखने के बारे में बच्चों को बारीकी से बताया और उन्हें यह भी चेताया कि रोजाना दांतों को साफ नहीं करने के नुकसान क्या होते हैं। बाल दिवस सप्ताह के अवसर पर आईटीएस डेंटल कॉलेज में गाजियाबाद के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को गतिविधियों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आये छात्रों का मुफ्त में ओरल परीक्षण भी किया गया तथा उसके उपचार के उपायों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर आईटीएस डेन्टल कॉलेज में ग्राफिटी प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, लेखन प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और फ्लैष मॉब जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी। इस आयोजन में 25 से अधिक स्कूलों के 1500 से अधिक बच्चों और 50 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। इसके साथ ही संस्थान के बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में भाग लेने आए छात्रों को ड्राइंग कलरिंग किट, टूथब्रश एवं टूथपेस्ट भी वितरित किये गये। बाल दिवस सप्ताह के दौरान विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, नेत्रहीन स्कूलों और दिव्यांग बच्चों के लिये शिविर आयोजित किये गये, जिसमें 25 स्कूलों के 1500 से अधिक बच्चों और 50 शिक्षकों की मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गयी और उन्हें दांतों की बीमारी के बारे में जागरूक किया गया। गाजियबाद जिले और उसके आसपास के स्कूलों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुये, कॉलेज मैनेजमेंट ने बाल सप्ताह के दौरान लागू होने वाले इलाज के प्रस्तावों को प्रत्येक बुधवार के लिये 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ाने का फैसला किया है।

पीडियाट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग ने दौरान बच्चों को कक्षा में सर्वश्रेष्ठ और दर्द रहित दंत अनुभव प्रदान करने के लिए पहल की है जिसमें लेजर ट्रीटमेंट, नाइट्रस-ऑक्साइड (लाफिंग गैस) डे केयर सिडेशन, कम्प्यूटरीकृत एनेस्थीसिया आदि है। बच्चों और किशोरों के लिए दंत चिकित्सा आज के समय में पूर्ण रूप से दर्द रहित है। संस्थान के पीडियाट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग में बच्चों के दंत चिकित्सा के इलाज को ध्यान में रखते हुए विभाग में प्रत्येक डेंटल चेयर एलईडी टीवी से युक्त है। आईटीएस के दंत विशेषज्ञों विभाग में बच्चों के लिए दांत में मसाला भरना, दूध के दांतों की सफाई तथा कैप लगाना, जैसी अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।